**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**26.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**केन्द्रीय मंत्री**

आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार इसे संविधान हत्या दिवस के रूप मे मना रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय अल्पसंख्यक व संसदीय मामले मंत्री किरेन रिजिजू ने आज शिमला में चिनार का पौधा रोपित कर संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि 25 जून की आधी रात व 26 जून 1975 की सुबह थोपे गए आपातकाल का नुकसान मीडिया को भी झेलना पड़ा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र को बचाना हर भारतीय की जिम्मेदारी है और सभी लोगों को संविधान हत्या दिवस मनाना चाहिए। किरेन रिजिजू ने कहा कि 2014 के बाद केंद्र सरकार ने सीमा क्षेत्र में सड़क सहित अन्य अधोसंरचना के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व कांग्रेस सरकार की सीमा क्षेत्र में किसी प्रकार के विकास न किए जाने की नीति थी, जिसे वर्तमान केन्द्र सरकार ने पलट दिया है।

***2014 से पहले एक पॉलिसी था कि एक्स्ट्रीम बोर्डर तक हम डबल लेन, हाइवे, फेसिलिटी क्रीऐट नहीं करना चाहिए ये काँग्रेस का पॉलिसी रहा है जिसको 2013 में राज्य सभा में उस समय का यूपीए सरकार का रक्षा मंत्री एके एंटनी जी नेफ्लोर में कहा कि ये काँग्रेस सरकार का पॉलिसी रहा है की बोर्डर एरिया को बहुत ज्यादा विकसित नहीं करना चाहिए और तब तक चीन ने पूरे के पूरे बोर्डर एरिया में डबल लेन विकसित करना शुरू कर दिया। भारतीय जनता पार्टी का सरकार आया ये पॉलिशी को पलट करके अब बोर्डर एरिया प्राथमिकता बन गए हैं। बोर्डर पॉइंट तक अब रोड बन गए हैं इसलिए इंफ्रास्ट्रक्चर में अब हम चीन के बहुत ही करीब पहुंच चुक है।***

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र ने हिमाचल की भरपूर मदद की है और प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं रखी गई है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकतर भागों में आज सुबह से घने बादल छाए हुए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान हुई व्यापक वर्षा और बादल फटने की घटनाओं में कई स्थानों पर जान–माल का नुकसान हुआ है। कुल्लू जिले में सैंज घाटी के जीवानाला, गड़सा के शिलागढ़, मनाली के अंजनी महादेव नाले और बंजार क्षेत्र के होरनगाड़ में बादल फटने की घटनाओं में भारी क्षति हुई है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता की ये

***बीते कल कुल्लू जिला में विभिन्न स्थानों पर बादल फटने से नालो में बाढ़ आ गई जिसके चलते चार मकान, चार दुकाने, दस पुलियाँ व् कुछ ग्रामीण सड़के क्षतिग्रस्त हुई हैं सैंज के रैला बिहाल क्षेत्र में मकान का सामान निकालते समय तीन व्यक्ति बह गए जिनकी तलाश के लिए प्रशासन द्वारा खोज अभियान चलाया गया है शाम के समय ब्यास नदी का जल स्तर एकाएक बढ़ गया तथा मनाली के बाहंग इलाके में चार दुकाने गिर गई। पलचान से बुरूआ को जोड़ने वाले पुल को भी खतरा उत्पन्न हो गया स हालांकि आज मौसम साफ़ बना हुआ है तथा प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है***

वहीं कांगड़ा जिला के धर्मशाला में खनियारा की मनूणी खड्ड में बादल फटने से आई बाढ़ में बहने से दो श्रमिकों की मौत हो गई, जिनके शवों को बरामद कर लिया गया है। इसके अलावा 6 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे है। कांगड़ा जिला उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। कई स्थानों पर हुई भारी वर्षा के बाद नदी नालों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। प्रशासन ने लोगों से नदी नालों के समीप न जाने की अपील की है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

**मुख्यमंत्री–निर्देश**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भारी बारिश के कारण प्रदेश के कई ज़िलों में जान–माल के नुक़सान के चलते संबंधित जिला प्रशासन को राहत व बचाव कार्य में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री स्वयं भी स्थिति पर नजर बनाये हुए है। उन्होंने प्रदेशवासियों व पर्यटकों से मौसम की स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतने सहित नदी–नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में न जाने की अपील की है।

**<u>अमरनाथ यात्रा</u>**

अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए इस वर्ष भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए पंजाब पुलिस ने बहुस्तरीय और व्यापक सुरक्षा योजना लागू की है। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और 9 अगस्त तक चलेगी। यात्रा मार्गों पर 24 घंटे निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए कमान और नियंत्रण केन्द्र भी स्थापित किया गया है जो यात्रा मार्गों पर 24 घंटे, आने–जाने वाले वाहनों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निगरानी करेगा। किसी भी संभावित खतरे का पता लगाने और उसे रोकने के लिए संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा जांच की जा रही है। इस यात्रा में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं।

**<u>शिक्षा सर्वेक्षण</u>**

हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा क्षेत्र में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण परख में देशभर में पाँचवां स्थान हासिल किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राष्ट्रीय सर्वे में बढ़ी रेकिंग ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा लिए गए अभूतपूर्व फैसलों पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख में बेहतर नतीजे लाने के लिए सरकार ने स्कूलों में बच्चों के सीखने की क्षमता जांचने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां करवाई गई है।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सांय 6 बजे– नमस्कार।**